# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 523 वर्ष 41

राँची, 30 नवम्बर, 2017


## कोल इंडिया/सी.सी.एल. का 43वाँ स्थापना दिवस समारोह

सीसीएल में कोल इंडिया/सी.सी.एल. का 43वाँ स्थापना दिवस मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीसीएल के नि. (वित्त) श्री डी.के. घोष, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, नि. (तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा तथा मुख्यालय के सभी विभागों के कर्मियों सहित यूनियन प्रतिनिधिगण ने परिसर में "शहीद स्मारक" पर दिवंगत कर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं अमर ज्योति मशाल का प्रज्जवलन किया। नि. (वित्त) ने कोल इंडिया का झंडा फहराया साथ ही सीसीएल एवं विभिन्न क्षेत्रों के झडों को निदेशकगण एवं महाप्रबंधको ने फहराया तथा शांति एवं विकास के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे उड़ाये गए।

अवसर विशेष पर केंद्रीय रेल एवं कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल, कोल सचिव, भारत सरकार श्री सुशील कुमार एव कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह ने कोल इंडिया एवं उसके अनुषंगी कंपनियों के सभी कर्मियों को वेबकास्ट के माध्यम से संबोधित किया।

मुख्य अतिथि श्री घोष ने सभी को "स्थापना दिवस" की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि चेयरमैन, कोल इंडिया/सीएमडी सीसीएल के कुशल नेतृत्व में कंपनी को पिछले पांच वर्षों से लगातार एक्स्ट्रा ऑडीनरी एवं एक्सीलेंट रेटिंग मिली है। कंपनी ने अपनी लागत में रिकार्ड कमी दर्ज की है और विपणन एवं विक्रय विभाग श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में अभी तक कोयला प्रेषण में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने




दिवंगत कर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देते निदेशक (वित्त)



आकाश में गुब्बारे उड़ाते निदेशकगण

इस उपलब्धि के लिए सभी कर्मियों के योगदान की सराहना की।

नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, नि. (तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा ने सीसीएल के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी कर्मियों के अथक परिश्रम से आज कोल इंडिया ने देश के शक्तिपुंज के रूप में अपने आप को स्थापित किया है तथा एकबार पुनः इतिहास दोहराते हुए हम सभी इस वित्तीय वर्ष में भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मजबूती से अग्रसर हैं।

स्थापना दिवस के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम जैसे रक्तदान शिविर, विप्स द्वारा वृद्वाश्रम", नेत्रहीन विद्यालय, गांधीनगर अस्पताल में फल का वितरण, पेंटिंग प्रतियोगिता, विचार मंथन, "नैतिकता पर धर्मचारियों का विचार" पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। साथ ही साथ "कोल इंडिया महोत्सव–मेरी कंपनी, मेरा गौरव" 15 अक्तूबर से 15 नवम्बर तक मनाया गया जिसके अंतर्गत सीसीएल परिवार के कुल 19 सदस्यों के बच्चों को उनकी विशेष उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

## बी. एण्ड के. क्षेत्र में शिलान्यास समारोह



शिलान्यास करते मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह तथा विशिष्ट अतिथिगण



दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते अध्यक्ष कोल इंडिया एवं माननीय विशिष्ट अतिथिगण

विगत 19 नवम्बर को बी.एण्ड.के. क्षेत्र के करगली फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह ने स्टेडियम निर्माण, दामोदर नदी का सौंदर्यीकरण, जरीडिह में सामुदायिक भवन एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिल्ड्रेन पार्क का शिलान्यास किया तथा कौशल विकास केंद्र एवं रोजगार सहायता केंद्र, गांधीनगर और एकेके ओसीपी परियोजना में ए.सी. कैंटीन का उद्घाटन भी किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय सांसद (गिरिडीह) श्री रविन्द्र पाण्डेय, माननीय विधायक (बेरमो) श्री योगेश्वर महतो तथा पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह तथा सीसीएल के निदेशक (का.) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा, महाप्रबंधक (बी. एण्ड के.) श्री रामविनय सिंह, श्रमिक प्रतिनिधिगण, सीसीएल कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

इस अवसर पर कोल इंडिया अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह ने अपने उदगार में कहा कि हमारे श्रमिक भाईयों और सीसीएल वृहद परिवार के प्रयास से ही देश को रौशनी मिल रही है। श्री सिंह ने कहा कि बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हमें आगे बढ़ना है और इस दिशा में सीसीएल सतत काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से हमारी खदानें खुली और सीसीएल आज इस उच्च शिखर पर पहुंचा है। इनके कल्याण की पूर्ण जिम्मेदारी सीसीएल की है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को "सीसीएल के लाल एवं लाडली" जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के द्वारा शिक्षा के साथ–साथ झारखंड सरकार के सहयोग से होटवार, रांची में स्पोर्टस अकादमी की स्थापना कर बच्चों को आगे बढ़ाने एवं सर्वागीण विकास के लिए कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीसीएल वृहद परिवार के सदस्यों के सहयोग से ही आज कंपनी उंचाईयों पर है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि माननीय सांसद श्री रविंद्र पांडेय, माननीय विधायक श्री योगेश्वर महतो (बाटुल), पूर्व मंत्री श्री राजेंद्र प्रसाद सिंह ने भी उपस्थित सभी को संबोधित किया।

अवसर विशेष पर सीसीएल कर्मियों के बच्चों की प्रगति एवं उनके बेहतर प्रदर्शन पर उनके अभिभावकों को शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कोल इंडिया के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बी. एण्ड. के. क्षेत्र पहुंचने पर श्रमिक प्रतिनिधि, कारो रोड सेल कमेटी एवं ग्रामीणों द्वारा श्री गोपाल सिंह का स्वागत किया गया।

## सीएसआर के क्षेत्र में सीसीएल सम्मानित



माननीय, मुख्यमंत्री (झारखंड) निदेशक (का.) को सम्मानित करते हुए

झारखंड सरकार के उद्योग, खान और भूविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह "इंडस्ट्री चैम्पियंस फॉर एसडीजीएस/अवार्ड्स 2017" में झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने सीएसआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं अपने व्यवसाय में बाल अधिकारों संबंधी कार्य में उत्कृष्ट सेवा के लिए सीसीएल को दो श्रेणियों में क्रमशः (1) 'बेस्ट कॉरपोरेट इनिशिएटिव अवार्ड एवं (2) बेस्ट इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया। सीसीएल के निदेशक (का.) श्री आर.एस. महापात्र ने अवार्ड ग्रहण किया।

## डॉ आशुतोष पाण्डेय सम्मानित



डा. आशुतोष पाण्डेय

सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में कार्यरत डॉ आशुतोष पाण्डेय विभागाध्यक्ष (सर्जरी) ने कोल इंडिया द्वारा आयोजित एलमेकॉन (ELMECON) 2017 मेडिकल कॉन्फ्रेंस में केस प्रेजेंटेशन में पहला स्थान प्राप्त किया। इस मेडिकल कॉन्फ्रेंस में कोल इंडिया एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों के वरिष्ठ चिकित्स्कों ने भाग लिया था।

— अपनी बात की ओर से बधाई


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, उप–प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)